सत्यमेव जयते

लोकभवन
राज्यपाल सचिवालय उत्तराखण्ड
न्यू कैन्ट रोड, देहरादून
संख्या—27998-1 / जी.एस. / सा०प्रशा० / C-92-2/E-256/2022
देहरादून, दिनांक 27 जनवरी, 2026

## ई—निविदा सूचना

राज्यपाल सचिवालय, उत्तराखण्ड, देहरादून में कार्मिकों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 2026—27 हेतु ग्रीष्मकालीन / शीतकालीन वर्दी कपड़ा एवं वर्दी सिलाई तथा जूते व मौजे इत्यादि सामग्री के क्रय हेतु एतद्द्वारा निम्नानुसार ई—निविदा आमंत्रित की जाती है :—

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट http://www.uktenders.gov.in पर निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि— | 30.01.2026 |
| 2 | निविदा आवेदन पत्र शुल्क— | ₹500 / — (₹पॉच सौ मात्र)+ जीएसटी अतिरिक्त |
| 3 | तकनीकी एवं वित्तीय बिडों को ऑनलाईन अपलोड करने की तिथि— | 02.02.2026 |
| 4 | तत्सम्बन्धी ड्राफ्ट एवं धरोहर राशि सील्ड लिफाफे में रख कर राज्यपाल सचिवालय मे जमा किये जाने की अन्तिम तिथि | 16.02.2026 (सायं 05:00 बजे तक) |
| 5 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि— | 17.02.2026 (मध्यान्ह् 12:15 बजे) |
| 6 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि— | तकनीकी निविदा खोले जाने के उपरान्त |

निविदा हेतु और अधिक जानकारी राज्यपाल सचिवालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(अनूप सिंह नेगी)
अनुसचिव, श्री राज्यपाल

अनुलग्नक–01

# वर्दी कपड़ा, वर्दी सिलाई तथा जूते व मोजे इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु ई–निविदा के नियम/शर्ते–

वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए लोक भवन में ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन वर्दी कपड़ा–वर्दी सिलाई तथा जूते व मोजे इत्यादि सामग्री क्रय हेतु एतदद्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

1. निविदा प्रपत्र का विवरण निम्नवत है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट http://www.uktenders.gov.in पर निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि– | **30.01.2026** |
| 2 | निविदा आवेदन पत्र शुल्क– | **₹500/– (₹पॉच सौ मात्र)+ जीएसटी अतिरिक्त** |
| 3 | तकनीकी एवं वित्तीय बिडों को ऑनलाईन अपलोड करने की तिथि– | **02.02.2026** |
| 4 | तत्सम्बन्धी ड्राफ्ट एवं धरोहर राशि सील्ड लिफाफे में रख कर राज्यपाल सचिवालय मे | **16.02.2026 (सायं 05:00 बजे तक)** |
| 5 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि– | **17.02.2026 (मध्यान्ह् 12:15 बजे)** |
| 6 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि– | तकनीकी निविदा खोले जाने के उपरान्त |

2. निविदादता द्वारा केवल टेण्डर डाक्यूमेन्ट मूल्य का ड्राफ्ट एवं धरोहर राशि के लिये मांगी गई किसी राष्ट्रीय बैंक का एफ.डी.आर./सी.डी.आर. अथवा बचत पत्र ही पृथक–पृथक सील्ड लिफाफे में रखकर राज्यपाल सचिवालय के सामान्य प्रशासन अनुभाग में जमा की जानी होगी। तकनीकी बिड आर्नलाईन ही अपलोड की जायेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाता की ही वित्तीय बिड खोली जाएगी।
3. तकनीकी बिड खोले जाने के समय फर्म स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से अनिवार्य रूप से उपस्थित रहगें जो फर्म के कपड़े इत्यादि के सैंपल समिति के सम्मुख प्रस्तुत करंगे। कपड़े के सैंपल पर उत्पादक कम्पनी का नाम प्रदर्शित होना चाहिए तथा इस सम्बन्ध में फर्म द्वारा यह प्रमाण पत्र दिया जायेगा कि जिस कम्पनी का कपड़ा आपूर्ति कराया जा रहा है वह ओरिजनल अथवा ब्राण्डेड कम्पनी का ही है।
4. न्यूनतम दरों पर निर्णय गठित ई–निविदा समिति द्वारा किया जायेगा। समिति का निर्णय निविदादाताओं को मान्य होगा।
5. राजकीय विभाग/संस्थान से विधिक विवाद न होने तथा किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थान द्वारा काली सूची में न डाले जाने का घोषणा–पत्र संलग्न करना होगा।
6. निविदा में प्रतिभाग करने वाली किसी फर्म का कोई निकट सम्बन्धी यदि लोकभवन में तैनात है तो इसकी सूचना निविदा प्रपत्र पर अंकित करनी होगी।
7. फर्म/निविदादाता के पास सभी विधिक आवश्यकताओं हेतु आवश्यक पंजीकरण यथा पैन एवं जी0एस0टी0 में पंजीकरण अनिवार्य होगा।
8. आय–व्यय में धनराशि उपलब्ध होने पर ही बीजकों का भुगतान किया जाना सम्भव होगा।
9. कार्य को 15 दिन के अन्दर पूर्ण कर उपलब्ध कराना होगा। विलम्ब के लिए दोषी मानते हुए समय से आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि को शासन के पक्ष में जब्त किया जायेगा इसमें फर्म को कोई आपत्ति नहीं होगी।
10. निविदा मूल्य अनुमानित लागत ₹ 5:00 लाख निहित होगा।

11. निविदा की अवधि माह 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक मान्य होगी।
12. स्वीकृत दरें वर्ष 2026–27 हेतु लागू होंगी परन्तु आवश्यकता पड़ने पर सक्षम अधिकारी द्वारा इन्ही शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन टेण्डर की अवधि एक वर्ष/नवीन ई–निविदा आमंत्रित किये जाने तक के लिए विस्तारित किया जा सकता है।
13. निविदादाता प्रपत्र के साथ ₹25,000/–(रपच्चीस हजार मात्र) का 01 वर्ष हेतु मान्य, किसी राष्ट्रीय बैंक का एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बचत पत्र वित्त नियंत्रक, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड, देहरादून के पक्ष में बनाकर धरोहर राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी। सफल निविदादाता की स्थिति में बन्धक राशि कार्यपूर्ति धरोहर राशि में परिवर्तित हो जायेगी।
14. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री लाने व ले जाने का कोई मार्ग व्यय फर्म को देय नहीं होगा।
15. किसी भी निविदा को किसी भी स्तर पर बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव, श्री राज्यपाल का होगा जिस पर किसी प्रकार का कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं होगा।
16. निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मुहर तथा फर्म के मालिक/साझीदार के हस्ताक्षर अंकित होना अनिवार्य है।
17. विभाग को यह अधिकार होगा कि वह ऐसे विक्रेता से जिसके द्वारा निविदा की शर्तों का उल्लघंन किया गया हो जिसमें कार्य आदेश को पूर्ण करने से इंकार भी सम्मिलित है, पर कोई शास्ति अधिरोपित करें तथा उक्त की वसूली करें।
18. यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित मापदंड के आधार पर वर्दी सिलाई में प्रयोग होने वाली सामग्री उच्च गुणवत्ता युक्त होनी चाहिए तथा वर्दी में अतिरिक्त बटन भी लगाये जाने होगें जो किसी कारण टूट जाने पर उनका उपयोग किया जा सके।
19. निविदादाता फर्म के पास कपड़े सिलाई की दुकान होना अनिवार्य है। फिटिंग के हिसाब से सिलाई न करने तथा कच्चे धागे का इस्तेमाल करने पर फर्म द्वारा निःशुल्क कार्य सुधार किया जायेगा। अतः कपड़े की सिलाई व वर्दी सिलाई में किसी प्रकार की कमी होने पर फर्म को पुनः कपड़े सहित वर्दी सिलकर उपलब्ध करानी होगी। जिसके लिए एक ही बार भुगतान किया जायेगा।
20. सफल निविदादाता फर्म सिलाई का नमूने अपने व्यय पर प्रस्तुत करेगी जिसे निविदायें अन्तिम होने के उपरान्त फर्म को वापस कर दिया जायेगा। नमूने के अभाव में निविदा निरस्त मानी जायेगी।
21. निविदादाता फर्म निविदा के साथ कपड़े के नमूने आवश्यक रूप से संलग्न करेगी, अन्यथा निविदा निरस्त मानी जायेगी।
22. निविदादाता के पास अपनी कपड़े की शोरूम/दुकान होगी। जिसकी जांच आवश्यकता पड़ने पर समिति कर सकती है। फर्म द्वारा पंजीकृत कम्पनी के कपड़ों की ही आपूर्ति की जायेगी।
23. आपूर्ति की गई वर्दी सामग्री उच्च गुणवत्ता की हो तथा रंग पक्के हो। रंग फेड होने अथवा कपड़े में किसी भी प्रकार की कमी उजागर होने पर सामग्री जिस भी रूप में हो वापस कर दी जायेगी जिसे फर्म को पुनः आपूर्ति करना होगा, जिसका भुगतान एक ही बार किया जायेगा।
24. फर्म को वर्दी कपड़ा कम्पट्रोलर, राजभवन को आपूर्ति करनी होगी। जिसके लिए पृथक से कोई परिवहन किराया नहीं दिया जायेगा।
25. फर्म द्वारा कपड़े की सिलाई उनके द्वारा दर्शायी गई पंजीकृत शोरूम/दुकान में करनी होगी एवं तैयार हुई वर्दी को कम्पट्रोलर, राजभवन को आपूर्ति करनी होगी। जिसके लिए पृथक से कोई परिवहन किराया नहीं दिया जायेगा।
26. जूते व मोजे पर कम्पनी द्वारा दी जाने वाली वांरटी देनी होगी। वांरटी अवधि से पूर्व यदि जूतों में किसी प्रकार की शिकायत एवं कमी पाई जाती है, तो वारंटी अवधि में

जूते को निःशुल्क बदलकर उपलब्ध कराया जाना होगा। जिसके लिए एक ही बार भुगतान किया जायेगा।

27. स्रोत पर की जाने वाली वैधानिक कटौतियॉ देयकों से की जायेगी एवं मॉग करने पर कटौती का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार की सूचना हेतु कृपया निम्नलिखित अधिकारी से निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिन पश्चात तक सम्पर्क कर सकते हैं। उक्त समय के पश्चात किसी प्रकार के प्रश्नों पर विचार नहीं किया जायेगा।

विभाग के अधिकारी का नाम– अनुभाग अधिकारी, सामान्य प्रशासन अनुभाग,
राज्यपाल सचिवालय, उत्तराखण्ड, देहरादून
दूरभाष न0– 0135–2757400,03

अनुसचिव, श्री राज्यपाल

अनुलग्नक– 02

# तकनीकी बिड (Technical Bid)

1. फर्म / संस्था का नाम–.............................................................................................

2. पंजीकृत पता–.............................................................................................

3. फर्म / संस्था के पंजीकरण की तिथि–.............................................................................................

4. दूरभाष संख्या–.............................................................................................

5. मोबाईल नम्बर–.............................................................................................

6. पैन नम्बर (छायाप्रति संलग्न करें)–

7. जी०एस०टी० नम्बर (छायाप्रति संलग्न करें)–.............................................................................................

8. विगत 02 वर्षों के बैलेन्स शीट की छायाप्रति संलग्न करें–.............................................................................................
(न्यूनतम टर्नओवर ₹ 5.00 लाख होना चाहिए)

9. किसी सरकारी / अर्द्ध सरकारी / सार्वजनिक उपक्रमों इत्यादि संस्थानों द्वारा प्रतिबन्धित / ब्लैकलिस्टेड न किये जाने सम्बन्धी घोषणा–पत्र संलग्न करें।

2. धरोहर धनराशि का विवरण–

(क) धनराशि–.............................................................................................

(ख)एफ०डी०आर० / डिमान्ड ड्राफ्ट नं0. ................ दिनांक–.................................

(ग) बैंक व शाखा का नाम–.............................................................................................

11. टेन्डर मूल्य का विवरण (Tender Doument Cost)–

i. बैंक ड्राफ्ट नम्बर–.............................................................दिनांक .....................................

ii. धनराशि–.............................................................................................

iii- बैंक व शाखा का नाम–.............................................................................................

मैंने सभी निविदा शर्तों को भली–भॉति पढ़ लिया है और मैं इनसे सहमत हूं।

निविदादाता का नाम व हस्ताक्षर

सामग्री की सूची (वित्तीय निविदा) (अनुलग्नक–03)

ग्रीष्मकालीन

| Sr. No | **Name of Articles cloths,Stiching, shoes and socks material (Summer/Winter)** | Name of Brand | Units |
|---|---|---|---|
| 1 | Shirting fine *(Skyblue/white)* | *Remond/M.Lal* | Per mt. |
| 2 | Shirt *white* | *Gwalior* | Per mt. |
| 3 | Coat Pant cloth *white* | *Siyaram* | Per mt. |
| 4 | cloth *Maroon* | *Normal* | Per mt. |
| 5 | Trouser *black* | *Gwalior* | Per mt. |
| 6 | cloth *white Trouser &Achkan* | *Siyaram* | Per mt. |
| 7 | WoolenBlazer *Maroon Kamarband* | *OCM* | Per mt. |
| 8 | WoolenBlazer *N.Blue For Achkan* | *OCM* | Per mt. |
| 9 | Terry Wool Suiting Trouser, Off White | *OCM* | Per mt. |
| 10 | Safari *Grey& Brown* | *Gwalior* | Per mt. |
| 11 | Suiting cloth *white Chef Coat* | *Gwalior* | Per mt. |
| 12 | Saree *Nevy Blue &Gray* | *Normal* | Per pc |
| 13 | Serge Cloth *Black & N.Blue& Brown* | *Modella* | Per mt. |
| 14 | Trouser Fine *Light Grey* | *Anchal, L. Grey* | Per mt. |
| 15 | PettyCoat *Nevy Blue &Gray* | *Normal* | Per pc |
| 16 | Shirting *Kurta white & Grey&Brown* | *Normal* | Per mt. |
| 17 | Shirting *Salwar Black& Grey&Brown* | *Normal* | Per mt. |
| 18 | Shirting Woolen Kurta/Salwar *Grey&Brown* | *Normal* | Per mt. |
| 19 | Dupatta *Black&Grey&Brown* | *Normal* | Per pc |
| 20 | Ties *Blue & Black* | *Normal* | Per pc |
| 21 | Miscellaneous *Apron Black white Check* | *Normal* | Per pc |
| 22 | Miscellaneous *Pagri cloth* | *Normal* | Per mt. |
| 23 | Leather Belt Black *with Ashoka Emblem* | Complet set | Per pc |
| 24 | P-Cap *with Ashoka Emblem* | Complet set | Per pc |
| 25 | Coat *stiching* | | Per pc |
| 26 | Shirt *stiching* | - | Per pc |
| 27 | Trouser *stiching* | - | Per pc |
| 28 | Achkan *stiching* | - | Per pc |
| 29 | Kamarband *stiching* | - | Per pc |
| 30 | Coat Pant *stiching* | - | Per pc |
| 31 | Safari Suit *stiching* | - | Per set |
| 32 | Salwar/Kurta *stiching* | - | Per set |
| 33 | Blowes *stiching* | - | Per set |
| 34 | Chef Coat *stiching* | - | Per pc |
| 35 | Black Shoes for *Gents* | - | Per pc |
| 36 | Black Shoes for *ladies* | - | Per pc |
| 37 | Shoks *black* | *Normal* | Per pc |